आख्या नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, बस्ती।

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय,
बस्ती।

नीलामी समिति की बैठक आज दिनांक **26.10.2023** को **सायं 04 बजे** जनपद न्यायालय, बस्ती परिसर में स्थित वीडियो कान्फ्रेंसिंग हाल में आयोजित की गयी, जिसमें समिति के सम्मानित सदस्यगण श्री विजय कुमार कटियार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक्ट कोर्ट, बस्ती, श्री उमेश यादव, अति0 मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम, बस्ती तथा श्री सिद्धार्थ बरगोती, न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय, बस्ती उपस्थित आये। इसके अतिरिक्त श्री अमित कुमार श्रीवास्तव, केन्द्रीय नाजिर तथा श्री विनय कुमार त्रिपाठी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनपद न्यायालय परिसर, बस्ती में वित्तीय वर्ष 2023–2024 में अनुपयोगी/निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर उपकरणों की सार्वजनिक नीलामी, नीलामी समिति की देखरेख में सम्पन्न हुई, जिसमें श्री मत्स्येन्द्र मिश्र, श्री रामधनी, श्री संतोष कुमार मिश्र सहित कुल तीन आवेदकों ने प्रतिभाग किया। निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर सामग्रियों के मूल्य निर्धारण किये जाने हेतु स्थानीय बाजार के प्रतिष्ठित फर्म मेसर्स स्काई नेट कम्प्यूटर्स, बस्ती रोड अशोक नगर, बांसी सिद्धार्थ नगर तथा वी0एम0एम0 इण्फोटेक एण्ड कम्प्यूटर जोन, शाप नंबर 4, फर्स्ट फ्लोर पालिका मार्केट, कटरा पानी की टंकी, जनपद बस्ती के प्रोपराइटर को बुलवाया गया और नीलामी की जाने वाली सामग्रियों को दिखाया गया। उपरोक्त दोनों प्रतिष्ठित फर्म के प्रोपराटर द्वारा बताया गया कि उक्त सामग्रियां अनुपयोगी हैं व कबाड़ की तरह है तथा उनका वर्जन बहुत ही पुराना व आउटडेटेड है और उक्त कम्प्यूटर सामग्रियों के मूल्य के संबंध में अपनी अपनी आख्या प्रस्तुत की है। उक्त दोनों फर्मों द्वारा मूल्य निर्धारण करने के उपरांत, प्रस्तुत अधिकतम मूल्य 69,850/–को न्यूनतम धनराशि मानकर नीलामी समिति द्वारा नीलामी की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। नीलामी के समय सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे। उक्त निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर सामग्रियों की उच्चतम बोली श्री मत्स्येन्द्र मिश्र पुत्र श्री कृष्ण नारायण मिश्र, निवासी–छरौछा, पोस्ट समसपुर, जिला बस्ती द्वारा **मु0 71,500/–**(रूपया इकहत्तर हजार, पांच सौ मात्र) लगायी गयी। उक्त धनराशि वित्तीय निर्देशों के अनुक्रम में न्यूनतम मानक से अधिक है। आवेदक उक्त नीलामी की उच्चतम बोली की धनराशि जमा करने को तैयार है।

अतः नीलामी समिति एक राय से अनुपयोगी/निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर सामग्रियों की नीलामी **मु0 71,500/–** में वित्तीय वर्ष 2023–2024 में आवेदक **श्री मत्स्येन्द्र मिश्र पुत्र श्री कृष्ण नारायण मिश्र, निवासी–छरौछा पोस्ट समसपुर जिला बस्ती** के पक्ष में नीलाम किये जाने की संस्तुति करती है।

Siddharth 26.10.23
(सिद्धार्थ बरगोती)
सदस्य नीलामी समिति
न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय, बस्ती।

26/10/23
(उमेश यादव)
सदस्य नीलामी समिति
अति0 मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, बस्ती।

26/10/23
(विजय कुमार कटियार)
सदस्य नीलामी समिति
अति0 जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक्ट कोर्ट, बस्ती।

26/10/2023
(शिवचन्द)
अध्यक्ष नीलामी समिति
अति0जिला एवं सत्र न्यायाधीश बस्ती।

विनय तिवारी
(विनय कुमार तिवारी)
प्रोसेस सर्वर
नजारत अनुभाग,
जनपद न्यायालय, बस्ती।

26/10/23
(अमित कुमार श्रीवास्तव)
केन्द्रीय नाजिर
नजारत अनुभाग,
जनपद न्यायालय, बस्ती।

Order

Seen the report of Auction Committee. Approved. Further proceeding be done as per law.

26/10/23
District Judge,
Basti.